आवश्यक सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार पुलिस में सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्रों की बिक्री राज्य के प्रमुख डाकघरों एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में जारी है । अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका आवेदन–पत्र अंतिम तिथि अर्थात 23.01.2010 के पूर्व बैक हार्डिंग रोड, पटना स्थित केन्द्रीय चयन पर्षद कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए ।

यह भी सूचित किया जाता है कि बैक लॉग एवं वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु दो अलग–अलग परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा । जो अभ्यर्थी बैक लॉग रिक्ति के विरूद्ध अपना आवेदन–पत्र समर्पित कर चुके हैं, उन्हें वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए, वर्तमान रिक्तियों के लिए जारी आवेदन–पत्र भरना आवश्यक है । तभी ऐसे अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में अलग–अलग सम्मिलित हो सकते हैं

आरक्षण नियमों के अन्तर्गत उन्हीं पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ मिलेगा जो बिहार राज्य के स्थायी निवासी हैं । अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के स्थायी निवासी चाहे वे किसी भी वर्ग या जाति के हों उन्हें सामान्य श्रेणी का माना जायेगा । अतः ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित आवेदन–पत्र ही भरना अनिवार्य है ।

(अध्यक्ष)
केन्द्रीय चयन पर्षद, बिहार, पटना।